कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, ज़िला कलक्टर, दौसा

श्री लालाराम धोबी पुत्र श्री ब्रजमोहन धोबी, पता– गढ हिम्मतसिंह तह0 मण्डावर, जिला दौसा, राज0

बनाम

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा

अपील संख्या 64 / 2025

निर्णय

दिनांक 17.07.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को पत्र क्रमांकः डीएम/कोर्ट/2025/1719 दिनांक 03.07.2025 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा ने पत्र क्रमांकः आरटीआई/2025/595 दिनांक 04.07.2025 द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट का आवेदन पत्र अस्पष्ट एवं छोटे अक्षरों में लिखा होने के कारण पढा नहीं जा रहा था। इस कारण आवेदक को उसका मूल आवेदन पत्र मय पोस्टल ऑर्डर क्रमांकः 66 एफ 232393 राशि 10.00 रू0 कार्यालय पत्र क्रमांकः 423 दिनांक 3.6.2025 के द्वारा लौटा दिया गया था। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 11:56:25 IST
Reason: SelfAttested

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा